प्रेस विज्ञप्ति (फोटो संलग्न)

अहमदाबाद ट्रेवल फेयर में भाग ले रहा है राजस्थान पर्यटन

जयपुर, 02 सितम्बर। राजस्थान सरकार का पर्यटन विभाग अहमदाबाद में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) में भाग ले रहा है। इस फेयर की आज शुरूआत हुई, जिसका पंजाब के पर्यटन मंत्री श्री सोहन सिंह थानदार द्वारा उद्घाटन किया गया।

इसमें लगाया गया राजस्थान पैवेलियन अपने अनूठे आर्किटेक्चरल डिजाइन, रंग–बिरंगी सजावट, अग्रेसिव मार्केटिंग वीड़ियोज व प्रचार सामग्री के साथ बड़ी संख्या में आगंतुकों व प्रतिभागियों को आकर्षित कर रहा है। राजस्थान पैवेलियन के प्रतिभागियों में ट्रेवल एजेंसियां और होटल व्यापार के प्रतिनिधि शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर, अहमदाबाद भारत के सबसे बड़े पर्यटन मार्ट्स में से एक है। भारत के सम्पूर्ण यात्रा उद्योग की भागीदारी के साथ–साथ इसमें 13 से अधिक देश भी भाग ले रहे हैं। इस फेयर में 430 से अधिक एग्जीबिटर शामिल हुए हैं।

फोटो कैप्शन–

ट्रेवल एंड टूरिज्म फेयर, अहमदाबाद में लगाए गए राजस्थान पैवेलियन में आगंतुकों से बातचीत करते हुए जैसेलमेर के टीआरसी, श्री विकास पांड्या (**बाएं ओर**)।

For further details contact:

Vikas Pandya
TRC, Jaisalmer
M: 09829395557

For media coordination:

Jagdeep Singh
M: 09829065787